*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेडेल फिलिप्स*

दैनिक **भारतीय बस्ती**
बस्ती 17 जून 2024 सोमवार

## सम्पादकीय

# आसान नहीं है डगर

हरियाणा के लोकसभा चुनाव में इस बार बीजेपी और कांग्रेस के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। पिछले चुनाव में राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने वाली बीजेपी इस बार पांच सीटें ही जीत सकी। कांग्रेस ने पांच सीटें जीतने के साथ ही यह संदेश दे दिया है कि विधानसभा चुनाव में बीजेपी के लिए लड़ाई बेहद कठिन रहने वाली है। हरियाणा में 2005 से लेकर 2014 तक कांग्रेस ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सरकार चलाई थी। बीजेपी साल 2014 में पहली बार अपने दम पर हरियाणा में सत्ता में आई थी। इसके बाद उसने 2019 में भी अपनी सरकार बनाई लेकिन उसकी सीटों का आंकड़ा कम हुआ था। 2014 में 90 सीटों वाली हरियाणा में 47 सीटें जीतने वाली बीजेपी ने 2019 में 40 सीटें जीती थी और उसे जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के साथ गठबंधन करना पड़ा था। गठबंधन के तहत उसने जेजेपी के नेता दुष्यंत चौटाला को उप मुख्यमंत्री बनाया था। इस साल फरवरी में बीजेपी ने जेजेपी के साथ गठबंधन तोड़ लिया था। इसके साथ ही पार्टी ने अपने नेतृत्व में भी बदलाव किया था। 2014 से लगातार मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल रहे मनोहर लाल खट्टर की जगह पर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपी थी।

मनोहर लाल खट्टर के बाद नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप कर भाजपा ने इस बात का साफ–साफ संदेश दिया था कि वह हरियाणा में गैर जाट राजनीति के रास्ते पर आगे बढ़ेगी। हरियाणा में 25: आबादी जाट समुदाय की है और इस तरह गैर जाट समुदाय 75: है। मुख्यमंत्री बनने से पहले सैनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे और इस तरह सरकार और संगठन के दोनों बड़े पदों पर भाजपा ने गैर जाट नेताओं को बैठाया था।

लोकसभा चुनाव में जिस तरह के नतीजे सामने आए हैं, उससे बीजेपी की राह मुश्किल दिखाई देती है क्योंकि 90 में से 44 सीटों पर बीजेपी आगे रही है जबकि 46 सीटों पर इंडिया गठबंधन। कांग्रेस ने जिन 9 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा उनमें से वह 42 विधानसभा सीटों और आम आदमी पार्टी अपने हिस्से में आई कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट की चार विधानसभा सीटों पर आगे रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी 79 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी लेकिन विधानसभा के चुनाव नतीजे आने पर वह सिर्फ 40 सीटें ही जीती थी। ऐसे में उसके लिए इस बार के लोकसभा चुनाव के नतीजे निश्चित रूप से चिंताजनक है।

लोकसभा चुनाव के आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण और अर्ध ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस का दबदबा कायम है। इन इलाकों में जाट समुदाय का समर्थन भी कांग्रेस के साथ रहा है। उदाहरण के लिए भिवानी–महेंद्रगढ़ सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार राव दान सिंह को जाट बहुल इलाके लोहारू, बाढड़ा और दादरी में लीड मिली लेकिन उन्हें यादव बहुल विधानसभा क्षेत्रों में कम समर्थन मिला और इस वजह से वह चुनाव हार गए। इसी तरह सोनीपत से कांग्रेस के उम्मीदवार सतपाल ब्रह्मचारी को जाट समुदाय के वर्चस्व वाले विधानसभा क्षेत्र– खरखौदा, गोहाना, बरोदा और जुलाना में लीड मिली और इससे उनकी जीत का रास्ता साफ हुआ। दूसरी ओर बीजेपी को शहरी और अर्ध शहरी विधानसभा क्षेत्रों में लीड मिली है। बीजेपी को करनाल, पानीपत (शहरी) सोनीपत, हिसार, फरीदाबाद, गुड़गांव और बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में बढ़त मिली है। इसके अलावा अहीरवाल के इलाकों में भी बीजेपी को बढ़त मिली है।

हरियाणा में कांग्रेस ने पांच लोकसभा सीटें तो जीती ही हैं, अपना वोट प्रतिशत भी बढ़ाया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को हरियाणा में 28.51 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि इस बार उसे 43.67: वोट मिले हैं। बीजेपी को पिछली बार 58.21: वोट मिले थे जबकि इस बार उसका वोट प्रतिशत घटा है और वह 46.11: वोट लाई है। निश्चित रूप से बीजेपी के वोट शेयर में जबरदस्त गिरावट आई है जबकि कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है। ऐसे में बीजेपी का राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व आने वाले दिनों में हरियाणा के लिए एक नई रणनीति के साथ काम करता दिख सकता है।

हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर देखने को मिला था। पूरे राज्य में बीजेपी उम्मीदवारों को किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा था। चुनाव प्रचार के दौरान सेना में भर्ती के लिए लाई गई अग्निवीर योजना और महिला पहलवानों के यौन शोषण के मुद्दे पर भी हरियाणा में बीजेपी के खिलाफ लोगों का गुस्सा दिखाई दिया था।

कांग्रेस के पास जहां हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के रूप में एक हैवीवेट जाट चेहरा है, वहीं बीजेपी के पास गैर जाट चेहरों के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान भी गैर जाट समुदाय (दलित समुदाय) से आते हैं। ऐसे में जातियों की सियासी गुणा–गणित के बीच विधानसभा चुनाव की चुनौती बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए ही कठिन है। बीजेपी ने जाट समुदाय से आने वाले पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सुभाष बराला को राज्यसभा का सदस्य बनाया है और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी है। लेकिन ऐसा लगता है कि जाट समुदाय के बीच में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए पार्टी एक बार फिर किसी जाट नेता को प्रदेश अध्यक्ष बना सकती है।

कांग्रेस ने 2019 के विधानसभा चुनाव में जबरदस्त कम बैक किया था। लोकसभा चुनाव में सभी सीटें हारने के बाद अगले 6 महीने के भीतर हुए विधानसभा चुनाव में ही कांग्रेस ने 31 सीटें जीती थी जबकि 2014 के विधानसभा चुनाव में उसे सिर्फ 15 सीटों पर जीत मिली थी। बीजेपी लोकसभा चुनाव में अपने प्रदर्शन के बाद इस बात को लेकर चिंतित है कि कहीं वह पिछली बार की तरह बहुमत से दूर ना रह जाए। क्योंकि अब उसने जेजेपी के साथ अपना गठबंधन तोड़ लिया है, ऐसे में उसे विधानसभा चुनाव में अकेले ही जाना पड़ेगा। जेजेपी भी गठबंधन तोड़े जाने से बेहद नाराज है और उसने कांग्रेस से कहा है कि वह सैनी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी तो जेजेपी उसका समर्थन करेगी। वैसे भाजपा की मुश्किलें बढेंगी इसमें संदेह नहीं।

# तरक्की की दौड़ में कैसे शामिल हों पिछड़े वंचित लोग



**–सुरेश सेठ–**



भारत ने अपनी अभूतपूर्व तरक्की से पूरी दुनिया को चौंकाया है। रिजर्व बैंक ने विकास दर का अनुमान 7.6 प्रतिशत लगाया था और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 6.8 प्रतिशत। लेकिन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जो आंकड़े सामने आए हैं, वे इससे कहीं अधिक हैं। हालिया अंतर्राष्ट्रीय सर्वे बताता है कि भारतीयों को अपना भविष्य सुरक्षित होने का भरोसा है। लेकिन जब वैश्विक संस्थाएं कहती हैं कि देश में खरबपतियों की संख्या अत्यधिक बढ़ी है मगर गरीबों की हालत में कोई सुधार नहीं आया तो कई सवाल जन्म लेते हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत की स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और शिक्षा के पिछड़ेपन पर तो स्वदेशी संस्था 'असर' में भी रिपोर्ट परेशान करने वाली है। दरअसल, डिजिटलीकरण व कृत्रिम मेधा में तरक्की के दावों के बीच भारतीय युवा वर्ग के शैक्षिक स्तर में गिरावट चिंता बढ़ाने वाली है।

यही वजह है कि बेरोजगारों की संख्या में कमी नहीं आई। वे अनुकम्पा के बल पर जीते नजर आने लगे और जहां नौकरियां बढ़ी थीं, वहां तमाम तरह की विसंगतियां हैं। भारत में अनियमित रोजगार और करोड़ों लोगों का अनिश्चित जीवन बड़ी चुनौती है। विडंबना है कि देश तरक्की की दौड़ में मजदूर, किसान और कामगार नहीं भाग पा रहे। उन्हें महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से भी जूझना पड़ रहा है। आज भी बड़ी चुनौती बेरोजगारी और महंगाई ही है। तंत्र की विफलता के कारण देश का मूल्यवान श्रमबल पलायन करने के लिए विवश हो रहा है।

अब जब देश में सत्ता की नई पारी शुरू होने जा रही है तो प्राथमिकता देनी होगी कि इकोनॉमिक मॉडल में वे परिवर्तन लाए जाएं जो आम आदमी के जीवन में भी बदलाव लाए। निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के साथ ही बेकारी, महंगाई, और भ्रष्टाचार को भी दूर करने का प्रयास करें। एक संतुलन बनाना पड़ेगा निजी क्षेत्र की तरक्की के साथ–साथ आम और कमजोर लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिये। हमारी जीएसटी का प्रयोग भी सफल रहा है और हमारी टैक्स क्लेक्शन 19 प्रतिशत तक बढ़ी है। यह लाभ आम आदमी से जुड़ी विकास योजनाओं में नजर आए।


निजी क्षेत्र की तरक्की के साथ कम्पनियों का रिकार्ड मुनाफा भी 14 प्रतिशत हो गया, जो पिछले सालों में 10 प्रतिशत था। देश में आठ प्रमुख सेक्टर हैं। इनमें से केवल मैन्युफैक्चरिंग और खनन क्षेत्र में ही यह असाधारण ग्रोथ देखने को मिल रही है। कृषि की विकास दर तो बहुत कम हो गई है। जहां 2022–23 में यह विकास दर 4.7 प्रतिशत थी, वहां 2023–24 में यह 1.4 प्रतिशत रह गई है। ट्रेड, होटल और परिवहन का विकास 2022–23 में 12 प्रतिशत तक हो गया था, अब 2023–24 में 6.4 प्रतिशत रह गया। कहने को ग्रामीण उपभोक्ता मांग बढ़ गई है लेकिन याद रखिए, यह साधारण दो एकड़ की खेती करने वाले आम किसान की नहीं, उस मध्यवर्गीय और धनी किसान की है, जिसे बढ़ती उत्पादकता और अंतर्राष्ट्रीय तनाव के कारण पैदा हुई अधिक कीमतों से लाभ हुआ। भारत में नया उभरता हुआ मध्यवर्ग तो अपनी जेब से बाहर जाकर भी खर्च कर रहा है। भारत की मौद्रिक नीति में महंगाई को नियंत्रित करने के लिए रैपो रेट को बार–बार बढ़ाने की ओर जो कदम उठाए गए, उनके बावजूद मध्यवर्ग ने अपनी ऋण लेने की तत्परता कम नहीं की। महंगे फ्लैटों और महंगी गाड़ियों की मांग उभरकर सामने आ रही है। सरकार ने भी विकास दर बढ़ाने के लिए पूंजीगत निवेश 10 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया, जो उससे पिछले वर्ष से 37 प्रतिशत ज्यादा था। इसके द्वारा हमने देशभर में नई सड़कों और पेयजल हेतु बुनियादी सुविधाएं जुटाईं। इधर अधिक उत्पादकता के कारण चावल, गेहूं जैसे अनाज का बफर स्टॉक भी बढ़ा है। इसके साथ महंगाई को काबू रखने की कोशिश की गई।

दो–तीन वर्ष में भारत के तीसरी वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने के दावे किये जा रहे हैं। दावे तो हैं कि देश दो दशक बाद एक विकसित राष्ट्र होगा। अगर हमारी जीडीपी विकास दर इसी तरह गतिमान रही तो शायद हम अपने विकास के लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

लेकिन इन आंकड़ों की महक से प्रफुल्लित होने के साथ–साथ हम यह भी याद रखें कि कृषि प्रधान देश भारत में कृषि अपेक्षित तरक्की नहीं कर पाई। भारत में पर्यटन की अकूत संभावनाओं के बावजूद हम पर्यटन विस्तार की कसौटियों पर पूरी तरह से खरे नहीं उतर पाए हैं। इसके साथ यह तरक्की आश्वस्त तो कर सकती है कि आरबीआई ब्रिटेन से 100 टन सोना भारत ले आया, जो देश की आर्थिक संप्रभुता के लिये उत्साहवर्धक खबर है। असल विकास तो तब होगा जब देश की सुप्त सम्पदा का भी उत्पादक और विकासशील उपयोग होना शुरू हो जाएगा। सोने पर जारी किए गए विकास बांड में धनकुबेरों से लेकर आम जनता का निवेश इस दिशा में बहुत बड़ा योगदान दे सकता है। देश का विकास समतामूलक व आर्थिक विषमता को दूर करने वाला होना चाहिए।

–लेखक साहित्यकार हैं।

# मध्य प्रदेश का जनादेश और शिवराज



**–प्रो. संजय द्विवेदी–**



मध्यप्रदेश में सभी लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त कर भाजपा ने कठिन समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बड़ा सहारा दिया है। जिसमें मध्यप्रदेश की महिला मतदाताओं का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। विधानसभा चुनाव अभियान से ही प्रधानमंत्री मोदी मध्यप्रदेश में सबसे खास चेहरा बने हुए हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में भाजपा ने मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था और भारी जनसमर्थन प्राप्त किया। श्मोदी के मन में मध्यप्रदेश, मध्यप्रदेश के मन में मोदीश यह मुख्य नारा था, जिसमें संगठन के परिश्रम ने प्राण फूंक दिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सत्ता में तीसरी बार वापसी एक असाधारण घटना है। भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में अपनी लोकप्रियता और प्रासंगिकता बनाए रखना इतना आसान नहीं होता। भाजपा जैसे दल के लिए जिसने 8 वें दशक में सिर्फ दो लोकसभा सीटों के साथ अपनी यात्रा प्रारंभ की हो, यह चमत्कार ही है। अनपेक्षित परिणामों के बाद भी केंद्र में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी और एनडीए सबसे बड़ा गठबंधन है। मध्यप्रदेश वैसे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के अद्भुत समन्वय से चलने वाला राज्य रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे दिग्गजों की जुगलबंदी ने जो इतिहास रचा है, उसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। इसके अलावा नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राजेन्द्र शुक्ल, फग्गन सिंह कुलस्ते, वीरेंद्र कुमार जैसे अनेक नेता भाजपा के सामाजिक और भौगोलिक विस्तार को स्थापित करते हैं।

संघ की प्रयोगभूमि होने के कारण मध्यप्रदेश पर पूरे देश की निगाह थी। मध्यप्रदेश में यह वैचारिक यात्रा हिंदुत्व, भारतबोध की यात्रा तो है ही समाज के सभी वर्गों की हिस्सेदारी ने इसे सफल बनाया है। स्त्री शक्ति इसमें सबसे प्रमुख है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जहां स्त्री शक्ति को भाजपा के साथ गोलबंद करने में अहम भूमिका निभाई, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आते ही सामान्य जन के जीवन स्तर को उठाने के प्रयास किए। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवारों को संबल दिया, जिस बदलाव को स्त्री शक्ति ने महसूस किया। स्त्री भारतीय परिवारों की धुरी है। भारतीय राजनीति में स्त्री को इस तरह से केंद्र में रखकर कभी विचार नहीं किया गया। यह बात रेखांकित करना चाहिए कि आखिर देश की राजनीति में स्त्री के सवाल हाशिए पर क्यों रहे हैं? स्त्री आखिर चाहती क्या है? वह चाहती है सुखद, सुरक्षित, आनंदमय जीवन और अपने बच्चों का सुनहरा भविष्य। एक अदद छत जिसमें वह अपने परिवार के साथ चौन से रह सके।

नरेंद्र मोदी ने सामान्य भारतीय स्त्री के इस मन और जीवन की समस्याओं को संबोधित किया। स्त्री को सुरक्षित परिवेश और बेटियों को आसमान छूने की प्रेरणा दी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सिर्फ नारा नहीं एक सामाजिक संकल्प बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत सामान्य परिस्थितियों से आगे बढ़े हैं। वे परिवारों को चलाने वाली स्त्री के दर्द, उसकी जरूरतों को समझने वाले राजनेता हैं। उज्जवला गैस जैसे योजना उनके संवेदनशील मन की गवाही देती है। लकड़ियां लेटर आने,गोबर के उपलों से खाना बनाती स्त्री, उसके कष्ट सब नहीं समझ सकते। धुएं के नाते उसको होने वाले स्वास्थ्यगत नुकसान को भी सब नहीं समझ सकते। बात छोटी है,पर संवेदना बहुत बड़ी। इसी तरह शौचालय न होने के कारण स्त्री के कष्ट से हर घर शौचालय का विचार एक क्रांतिकारी कदम था। यह मुद्दा महिला सुरक्षा ,स्वास्थ्य और स्वच्छता सबसे जुड़ा हुआ मुद्दा है। मध्यप्रदेश ने केंद्र की सभी योजनाओं का श्रेष्ठ क्रियान्वयन किया। इस पहल ने देश और प्रदेश में परिवर्तन का सूत्रपात किया। प्रधानमंत्री आवास योजना इसी दिशा में उठाया गया एक ऐसा कदम था, जिसने परिवार को छत दी। आप लाख कहें महिला के लिए उसके घर से बड़ी कोई चीज नहीं होती। यह बहुत भावनात्मक विषय है, जो सामान्य मन से समझ में नहीं आएगा। कोरोना संकट में देश और उसके नागरिकों की अभिभावक की तरह चिंता करके प्रधानमंत्री ने लोगों के मन में जगह बना ली। वैक्सीन से लेकर 80 करोड़ परिवारों को राशन ने स्त्रियों के मन में सरकार के प्रति भरोसा जगाया।

स्त्री कल्याण की योजनाएं मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को 'मामा' के रूप में स्थापित कर गयीं। शिवराज जी मध्यप्रदेश में इसी लोकप्रियता के कारण अपनी सीट आठ लाख से ज्यादा मतों से जीते और मध्य प्रदेश में सबसे बड़ी सफलता मिली। भाजपा मध्यप्रदेश की सरकार सामाजिक कल्याण की योजनाएं और केंद्र की योजनाओं ने कमाल किया। भरोसा पैदा किया। मोदी ने 2014 में सत्ता में आते ही अपनी सरकार को गरीबों के कल्याण के समर्पित होने की श्घोषणाश की थी। यह घोषणा बाद के 10 सालों में श्संकल्पश सरीखी नजर आई। भरोसा जगाते हुए मोदी देश के दिल में उतरते चले गए। मध्यप्रदेश में नरेंद्र मोदी के प्रति गहरा प्रेम और सम्मान तब भी प्रकट हुआ, जब विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अभूतपूर्व जनादेश प्राप्त किया। इसके लिए पीएम ने सार्वजनिक मंच पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की पीठ भी ठोंकी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने साफ कहा कि महिला कल्याण की कोई योजना बंद नहीं होगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी लालड़ी बहना योजना को चुनावों में प्रभावित करने वाला बताते हैं।

संसद और विधानसभाओं के लिए महिला आरक्षण बिल पास करवाना भी केंद्र सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि रही। लंबे समय से लंबित यह बिल अनेक सरकारों के प्रयास के बाद भी पास नहीं हो सका था। मोदी सरकार की स्त्री मुद्दों पर प्रतिबद्धता भी इससे जाहिर हुई। साथ ही इस संसदीय चुनाव में देश में भाजपा ने 69 महिलाओं को टिकट दिया। कांग्रेस ने 41 महिला प्रत्याशी उतारे।द्द संकेत और संदर्भ राजनीति को प्रभावित करते हैं। ऐसे में भाजपा की ओर स्त्री शक्ति का आकर्षण सहज ही है। आंकड़े बताते हैं कि हर वर्ग की महिलाओं में भाजपा की लोकप्रियता किसी अन्य दल से ज्यादा है। मोदी वैसे भी सामान्य रूप से सभी वर्गों के आकर्षण के केंद्र हैं। महिलाओं और युवाओं में उनकी लोकप्रियता बहुत है। सही मायनों में भारतीय लोकतंत्र में बढ़ती महिलाओं की हिस्सेदारी और उनका वोट प्रतिशत बड़े बदलाव का सूचक है। राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के चुनाव ने राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं को प्रेरित किया। नरेंद्र मोदी ने श्आकांक्षावान भारतश की उम्मीदों को पंख लगा दिए हैं। अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर महिलाएं सदैव चिंतित रहती हैं। अपने विकास केंद्रित विजन से मोदी सरकार भविष्य के आत्मविश्वासी भारत की नींव रख चुकी है। भरोसा यहीं से आता है। महिलाएं जानती हैं यह मोदी की गारंटी है, पूरी होनी चाहिए। स्त्री शक्ति के इस सहयोग और आशीर्वाद के बाद मोदी सरकार की जिम्मेदारियां बहुत बढ़ गई हैं, देखना है केंद्र सरकार आने वाले समय में इन प्रश्नों को किस तरह संबोधित करती है। फिलहाल तो देश की जनता और स्त्री शक्ति के जनादेश से सत्ता में आई एनडीए सरकार को शुभकामनाएं ही दी जा सकती हैं।

मध्यप्रदेश ने साबित किया है कि सत्ता और संगठन में समन्वय से ही अच्छे परिणाम पाए जा सकते हैं। महिलाओं को अपने साथ गोलबंद कर भाजपा ने अपना आधार मध्यप्रदेश में बहुत मजबूत कर लिया है। महिला आरक्षण बिल के बाद निश्चित ही आने वाले समय में राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए महिलाओं को आगे आना ही होगा। ऐसे में मध्यप्रदेश में होने वाले संगठनात्मक प्रयोग अन्य राज्यों के लिए भी सबक होंगे।

# गठबंधन के सहारे सरकार



**–अवधेश कुमार–**

आप जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार गठित हो चुकी है चुनाव परिणाम का संतुलित विश्लेषण किया जाना आवश्यक है । कुछ राजनीतिक दलों के दावों को छोड़ दें तो इस तरह के संघर्ष की उम्मीद ज्यादातर लोगों को नहीं थी। कई राज्यों विशेषकर उप्र, बिहार, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, बंगाल आदि में जबरदस्त लड़ाई हुई। यदि लंबे समय तक 100 से ज्यादा सीटों पर यह अनुमान लगाना कठिन हो कि कौन जीतेगा तो यह साधारण स्थिति नहीं हो सकती। स्वयं बहुमत नहीं पाना भाजपा के लिए बहुत बड़ा धक्का है। कांग्रेस के लिए सीटों और मतों में हुई बढ़ोतरी पार्टी के अंदर आशा और उत्साह पैदा करने वाला है। हालांकि लोकसभा में महत्व बहुमत के आंकड़ों का होता है और वह अभी राजग के पास है। भाजपा और मोदी सरकार के विरुद्ध असंतोष और नाराजगी थी इसको नकारा नहीं जा सकता। किंतु क्यों थी? चुनाव परिणाम ऐसा नहीं है जिसे सामान्य विश्लेषण से समझा जा सके। कांग्रेस सहित भाजपा विरोधी जो कारण दे रहे हैं उनमें ज्यादातर उन्हीं पर लागू होते हैं जो भाजपा, उसकी विचारधारा या संघ परिवार के विरोधी हैं। भाजपा को कमजोर करने और स्वयं के मजबूत होने का विश्लेषण करने का उनका अधिकार है। लंबे समय से कांग्रेस और दूसरी पार्टियों ने भाजपा के विरुद्ध जो प्रचार किया है, नरेंद्र मोदी सरकार को लेकर जनता के मन में जो नकारात्मक भाव बिठाने की कोशिश की उनका असर हुआ है। उदाहरण के लिए आरक्षण और संविधान खत्म करने का झूठा नैरेटिव कुछ हद तक चला। सोशल मीडिया और नैरेटिव में भाजपा कमजोर पड़ रही थी यह साफ था। मतदान के पीछे ये सारे कारक थे। किंतु मुख्य कारण इनसे अलग है और उनको समझने की आवश्यकता है। भाजपा को लोग वोट क्यों देते हैं,इसे समझकर ही इसका विश्लेषण हो सकता है।

आगे बढ़ने के पहले इस सच को स्वीकार करना पड़ेगा कि भाजपा अभी भी सबसे बड़ी, सबसे ज्यादा वोट पाने वाली मजबूत पार्टी है। जिन स्थानों पर वह जीत नहीं सकी वहां अनेक में उसका प्रदर्शन ठीक रहा है। बावजूद भाजपा के लिए असाधारण धक्का है। सामान्य विश्लेषण यह है कि 10 वर्षों तक सत्ता में रहने के कारण आम जनता ही नहीं कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भी कई प्रकार के असंतोष पैदा होते हैं। यह विश्लेषण भी सरलीकरण होगा। एक तर्क यह है कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार अपने नेतृत्व में पार्टी को बहुमत दिलाने का करिश्मा कोई नहीं दिखा सका। लेकिन भाजपा ने कांग्रेस के अलावा अकेली पार्टी के पक्ष में बहुमत प्राप्त किया, ऐसा दो बार करने का रिकॉर्ड बनाया तो आगे भी ऐसा होना चाहिए था।भाजपा ऐसी पार्टी है जिसका एक आधार वोट बैंक सुदृढ़ हो चुका है। वह एक आधार वोट से शुरुआत करती है। इसमें उसे बहुमत न मिलना सामान्य घटना नहीं है। असंतोष पैदा हुआ तो इसे सामान्य कह कर खारिज नहीं किया जा सकता। आप चाहे 10 वर्ष शासन करें या 20 वर्ष, शासन को हमेशा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना चाहिए।

चुनाव प्रक्रिया आरंभ होने के पूर्व पूरे देश का माहौल भाजपा और सहयोगियों के अनुकूल दिख रहा था। 22 जनवरी को अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश भर में उत्सव का माहौल था और लाखों स्थानों पर कार्यक्रम हुए। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात में भाजपा लगातार तीन चुनाव जीत चुकी है। 1995 से बीच की छोटी अवधि को छोड़कर लगातार भाजपा की सरकार है। मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बीच के 15 महीना को छोड़कर 2003 से है। यही स्थिति केंद्र में क्यों नहीं हो सकती? भाजपा के लिए हिंदुत्व और हिंदुत्व अभिप्रेरित राष्ट्रीय चेतना व इससे जुड़े अन्य विषयों के कारण पिछले 10 वर्षों में उसका एक निश्चित वोट आधार सुदृढ़ हो चुका है। जहां भाजपा शक्तिशाली नहीं है वहां ऐसी सोच रखने वाले मतदाता किसी अन्य को वोट देते हैं लेकिन जहां भाजपा है वहां उसे ही। जिन विधानसभा चुनावों में भाजपा पराजित हुई वहां भी उसका वोट प्रतिशत संतोषजनक रहा। जब आप 2047 तक भारत को विकसित देश , अगले 5 वर्ष में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का वायदा करते हैं, उसके अनुरूप काम करते हैं तो देश को भारी जनादेश देना चाहिए था। प्रश्न है कि ऐसा क्यों नहीं हुआ?

## कार्यालय ग्राम पंचायत तुसायल वि0ख0- रामनगर जनपद- बस्ती

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/अंत्येष्टि स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17–06 2024 से 25–06–2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 11.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 26–06–2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 12.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय | | |
| 2 | सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, छड़ | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा अन्य | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा–गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढ़ा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10<br>11 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र<br>नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन | | |
| 12 | खंड़जा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, फागिंग मशीन, लाल ईंट आदि। | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते**– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। समाग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0–50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**(जुलेखा)** ग्राम प्रधान **(प्रमोद कुमार)** ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0

पत्रांक मेमो /15.06.2024 वित्तीय वर्ष 2024–25

# 14 सीएचसी अधीक्षक व सीएमओ का वेतन रोका, एक की सेवा समाप्त



**संवाददाता–बहराइच।** स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण जिले की स्वास्थ्य सेवाएं सुधर नहीं रही हैं। जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएचसी में प्रसव पीड़िताओं का न इलाज हो रहा है और न ही ऑपरेशन किए जा रहे है। डीएम की बैठक में विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से इसकी पोल खुली। इस पर डीएम ने सीएमओ समेत जिले के 14 सीएचसी अधीक्षकों का वेतन रोकते हुए एक की सेवा समाप्त करने का आदेश दिया है। पीपी आईयूसीडी डाटा में सुधार न होने, आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति धीमी होने, चिकित्सकों की ओर से मानक से कम सर्जरी करने से नाराज जिलाधिकारी मोनिका रानी ने यह कार्रवाई की है।

कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी के तेवर तल्ख दिखे। स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टरों द्वारा की जाने वाली घोर लापरवाही सामने आ गई। लगातार निर्देश के बाद भी सुधार न होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने बताया कि पीपी आईयूसीडी डाटा में सुधार न होने तथा शल्य चिकित्सकों द्वारा मानक से कम सर्जरी करने पर मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त एमओआईसी व डीपीएम का माह जून का वेतन बाधित किया गया है। जबकि मानक से कम सर्जरी करने पर सभी शल्य चिकित्सकों की वार्षिक वेतनवृद्धि रोक दी गई है। डीएम ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि अच्छा कार्य करने वाले स्वास्थ्य वर्करों को सम्मानित किया। नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्ष 2020 से पैदा होने वाले समस्त बच्चों का पंजीकरण कराकर जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, प्रभारी सीएमओ डॉ. राजेश कुमार, सीएमएस डॉ. एमएमएम त्रिपाठी, डीपीएम सरयू खान, डीपीओ राज कपूर, एमओआईसी, सीडीपीओ आदि मौजूद रहे।

# डीएम के प्रयास से विकास को लगेंगे पंख, मार्केटिंग के क्षेत्र में टाटा कंपनी के साथ होगा एमओयू



**संवाददाता–बलरामपुर।** बलरामपुर के डीएम के साथ टाटा ग्रुप के प्रतिनिधियों की एक बैठक संपन्न हुई। विकास कार्यों में बड़े स्तर पर टाटा ग्रुप प्रशासन को तकनीक एवं अन्य स्तर पर सहयोग करेगा। जिले में किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने तथा नई–नई तकनीक के माध्यम से कृषि, मत्स्य पालन, जलाशयों की डिसिलटिंग फूलों की खेती और उसकी मार्केटिंग गन्ने के उत्पादन बढ़ाने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने किए गए बड़े–बड़े कार्य एवं इस्तेमाल की जा रही है। तकनीको का सहयोग लेने के लिए डीएम ने टाटा ग्रुप मुंबई से संपर्क किया। इसको लेकर रविवार को टाटा ग्रुप मुंबई से आए वरिष्ठ प्रतिनिधियो के साथ अपने आवास पर बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। जिस पर टाटा ग्रुप ने प्रशासन के साथ सहयोग एवं काम करने की सहमति दे दी है। जल्द ही राज्य सरकार, जिला प्रशासन बलरामपुर और टाटा ग्रुप के बीच एमओयू भी हो सकता है। फूलों सहित विभिन्न कृषि उत्पाद की मार्केटिंग के लिए तैयार हो रही रणनीतिडीएम के निर्देशन में रेहरा बाजार में बड़े पैमाने पर फूलों की खेती कराई जा रही है। तथा इसकी मार्केटिंग को अयोध्या धाम लखनऊ एवं गोरखपुर से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे किसानों को उपज का अच्छा मूल्य मिले। उनकी आय में वृद्धि हो सके। कृषि एवं औद्यानिक उत्पादों तथा मत्स्य उपज को लखनऊ एयरपोर्ट के माध्यम से देश विदेश भेजने को लेकर रणनीति पर भी काम किया जाएगा। जिले की प्रमुख नदी राप्ती एवं बड़े जलाशयों में जमा सिल्ट की सफाई नियमों के तहत कैसे की जाए। जिससे सिल्ट की सफाई के बाद जलाशय में पूरी क्षमता से पानी स्टोर हो सके। जिले को बाढ़ जैसी विभीषिका से रोका जा सके। जलाशयों के पानी का उपयोग किस प्रकार सिंचाई एंव मत्स्य पालन एवं अन्य कार्यों में उपयोग किया जाए। इस पर भी गहन चर्चा हुई। डीएम ने टाटा ग्रुप के प्रतिनिधि के साथ गन्ने की उत्पादकता में कैसे वृद्धि की जा सके एवं उत्पादकता वृद्धि के लिए किस प्रकार के प्रद्योगिकी का प्रयोग किया जा सके। इसके विषय में जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने महाराष्ट्र से आये टाटा ग्रुप के प्रतिनिधियों से व्यापक परिचर्चा की। इस परिचर्चा में महाराष्ट्र से आए टाटा ग्रुप के प्रतिनिधि से जिलाधिकारी ने जिले में कराया जा रहे बड़े विकास कार्य एवं इनोवेशन की सराहना की। टाटा मोटर्स ने पूरा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि पुनः बैठक कर विस्तृत कार्य योजना तैयार कराई जाएगी। तथा शासन एंव प्रशासन तथा टाटा ग्रुप के बीच त्रिस्तरीय एमओयू किया जाएगा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत पटवरिया वि0ख0- रामनगर जनपद- बस्ती

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/अंत्येष्टि स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17–06 2024 से 24–06–2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 11.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 25–06–2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 12.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय | | |
| 2 | सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, छड़ | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा अन्य | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा–गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढ़ा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10<br>11 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र<br>नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन | | |
| 12 | खंड़जा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, फागिंग मशीन, लाल ईंट आदि। | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते**– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। समाग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0–50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**(नीबर)** ग्राम प्रधान **(प्रमोद कुमार)** ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0

पत्रांक मेमो /15.06.2024 वित्तीय वर्ष 2024–25

## कार्यालय ग्राम पंचायत जोगियाजुड़ी कुइयां वि०ख०- सल्टौआ गोपालपुर जनपद- बस्ती

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/अंत्येष्टि स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17–06 2024 से 24–06–2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 11.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 25–06–2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 12.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय | | |
| 2 | सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, छड़ | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा अन्य | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा–गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढ़ा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10<br>11 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र<br>नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन | | |
| 12 | खंड़जा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, फागिंग मशीन, लाल ईंट आदि। | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते**– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। समाग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0–50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**(पुष्पा देवी)** ग्राम प्रधान **(शिवशंकर यादव)** ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0

पत्रांक मेमो /15.06.2024 वित्तीय वर्ष 2024–25

# बनकटा में रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**संवाददाता–देवरिया।** जिले के बनकटा रेलवे स्टेशन के सामने रेलवे ट्रैक पर रविवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने में जुट गई। पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की रात में किसी ट्रेन से गिरने के कारण मौत हुई है। रविवार की सुबह बनकटा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर रेलवे ट्रैक के नीचे एक व्यक्ति का शव देख लोगों ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने सूचना जीआरपी को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस एम्बुलेंस बुला कर अस्पताल ले जाने के लिए जुट गई लेकिन एम्बुलेंस कर्मियों ने चेक किया तो उसकी मौत हो चुकी थी। जीआरपी इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि शव को पीएम को भेज दिया गया।

# गंगा दशहरा पर कृषि मंत्री ने खनुआ नदी को प्रधानों संग किया साफ

**संवाददाता–देवरिया।** रविवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गंगा दशहरा के मौके पर अपने पैतृक गांव पकहां से गुजरने वाली खनुआ नदी की सफाई कर अभियान का शुभारंभ किया। इसमें कृषि मंत्री के साथ दर्जनों गांवों के प्रधान और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 7रू00 बजे कृषि मंत्री और आस–पास के गांव के सैकड़ों ग्रामीण खनुआ नदी पर एकत्रित हुए। इसके बाद कृषि मंत्री और ग्रामीण नदी में उतरे। उन्होंने नदी के अंदर से शैवाल और अन्य कूड़ा–करकट को बाहर निकाल कर फेंका। इसमें चार नावें लगाई गई थी।

सफाई अभियान करीब दो घंटे तक चला। इसके पहले श्री शाही ने गांव स्थित चतर्भुज मंदिर पर लोगों के साथ योग किया। इसके बाद गंगा पूजन किया। श्री शाही ने कहा कि यह खनुआ नदी रामाबाग स्तूप से निकलकर बनवारी टोला, धनौटा, बंजरिया, नारायणपुर और पकहां से होते हुए भटनी के छोटी गंडक में मिल जाती है। सभी लोग अपनी जिम्मेदारियों को समझे तो पर्यावरण की समस्या दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के बाद छोटी गंडक नदी की सफाई के लिए पहल की जाएगी।

